संख्या– 875/33–3–2021–114/2012

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पंचायतीराज
उ0प्र0, लखनऊ।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 14-मई, 2021

विषयः–कोविड–19 एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता व सेनीटाईजेशन अभियान की सूचना संबंधित जनप्रतिनिधिगण को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–842/33–3–2021–114/2012 दिनांक 16.04.2021 द्वारा नगरीय निकायों/ग्रामीण निकायों/चीनी मिलों/पुलिस (फायर बिग्रेड) व अन्य विभागों/संस्थाओं से समन्वय कर सफाई कार्य, सैनेटाइजेशन व फागिंग का कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस सम्बन्ध में शासन स्तर पर सूचना निदेशक, पचांयतीराज उ.प्र. द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिस राजस्व ग्राम/ग्राम पंचायत में सफाई कार्य किया जा रहा है, उसकी प्रतिदिन की सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा संकलित कर सम्बन्धित मा0 विधायकगण को व्हाट्स–ऐप/ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0 द्वारा उप निदेशक(पं0) एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जो स्वच्छता व सैनीटाईजेशन के कार्यो का भौतिक अनुश्रवण व सत्यापन किया जा रहा है, उसकी सूचना राज्य स्तर से सम्बन्धित मा0 विधायकगण को व्हाट्स–ऐप/ईमेल के माध्यम से प्रतिदिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
14.5.21
(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांकः– तदैव।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) उ0प्र0।
4. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,
(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

Amit Srl.